न्यायालय तहसीलदार गुडामालानी जिला बाडमेर

प्रकरण संख्या 10 /2017

प्रार्थी — बनाम — अप्रार्थी

राजस्थान सरकार जरिये
पटवारी हलका भाखरपुरा

श्री नानजी वल्द जवाना
कौम-.कल्बी
ग्राम- ~~खारवा~~ (मघा की ढाणी)
तह०- गुड़ामालानी

दिनांक 28.08.17

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 91 राजस्थान भू. राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थित :– 1. पटवारी हलका भाखरपुरा

2. अप्रार्थी / ~~अप्रार्थीगण~~ अनुपस्थित नानजी

निर्णय

प्रकरण से संक्षिप्त में तथ्य निम्न प्रकार हैं । पटवारी हलका भाखरपुरा ने न्यायालय नायब तहसीलदार गुडामालानी को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया हैं कि अप्रार्थी / ~~अप्रार्थीगण~~ ने सरहद मौजा ~~[illegible]~~ खारवा सरकारी भूमि ख.नं. 491/73 कुल रकबा 123 किस्म गै. मु. गोचर मेंसे 3.15 बीघा भूमि पर बाड़ बनाकर अनाधिकृत कब्जा किया हैं , अतः इन्हें बेदखल किया जावे । अतः प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी / ~~अप्रार्थीगण~~ को जरिये नोटिस तलब किया गया ।अप्रार्थी से नोटिस तामिल होकर आया , जिसे शामिल पत्रावली किया गया । सर्कल परिवर्तन होने से पत्रावली न्यायालय नायब तहसीलदार गुडामालानी से स्थान्तरित होकर इस न्यायालय के प्राप्त हुई हैं ।

नियत तारीख पेशी दिनांक 28.08.17 को प्रार्थी पटवारी हलका उपस्थित तथा अप्रार्थी / ~~अप्रार्थीगण~~ नोटिस तामिली कें बावजूद अनुपस्थित , अतः एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है।

प्रार्थी पटवारी हलका ने अप्रार्थी / ~~अप्रार्थीगण~~ को बेदखल [illegible] तथा दंडित करने का निवेदन किया

Signature Not Verified
Digitally signed by Kaushlya
Date: 2024.08.23 11:57:00 IST
Reason: SelfAttested

हमने पत्रावली का अध्ययन तथा अवलोकन किया । उक्त भूमि पर अप्रार्थी / ~~अप्रार्थीगण~~ के अतिक्रमण की पुष्टि होती हैं अतः अप्रार्थी / ~~अप्रार्थीगण~~ को उक्त भूमि का अतिक्रमी घोषित किया जाता हैं तथा राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए

अप्रार्थी /~~अप्रार्थीगण~~ को उक्त भूमि से बेदखल करने के आदेश दिये जाते हैं । यदि मौके पर फसल खडी हो तो नष्ट कर दी जावे। लगान 5.40 रूपये का बीस गुणा 108=00 अक्षरे रूपये एक सौ आठ रूपये मात्र शास्ति जुर्माना आरोपित की जाती हैं , जो वसूल हो । जुर्माना मांग कायमी हेतु तहसील राजस्व लेखाकार तथा जुर्माना वसूली तथा बेदखली हेतु पटवारी हलका सूचित हो ।

निर्णय दिनाक 28.08.17 को खुले न्यायालय में सुनाया गया , पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो । बाद तामिल दफतर दाखिल हो ।

(जोधसिंह)

तहसीलदार गुडामालानी

Signature Not Verified

Digitally signed by Kaushlya
Date: 2024.08.23 11:57:00 IST
Reason: SelfAttested